आईआईएम के एनुअल फेस्ट में 15 हजार छात्रों ने लिया भाग

सिटी रिपोर्टर. रांची

आईआईएम रांची में चल रहे 3 दिवसीय एनुअल मैनेजमेंट, कल्चरल व स्पोर्टस फेस्ट 'एगोन रश-2022' का समापन हुआ। इसमें करीब 15 हजार छात्रों ने भाग लिया। तीसरे दिन फाइनांस क्लब फिनोप्सिस की ओर से मार्केट्स 4.0 का आयोजन हुआ। इसमें विभिन्न कंपनी देश व राज्य की अर्थव्यवस्था को कैसे लाभ पहुंचा सकते हैं, इससे संबंधित प्रतियोगिता हुई। इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल की ओर से थिंकोवेशन का आयोजन किया गया। इसमें मैनेजमेंट के स्टूडेंट्स ने अलग-अलग बिजनेस आइडिया प्रस्तुत कर रोजगार के विकल्प को बताया। कार्यक्रम का समापन वर्चुअल वॉकेथॉन के साथ हुआ। इसमें संस्था के 350 विद्यार्थियों ने हिस्सा लेकर समाज में मासिक स्वास्थ्य एवं बेहतर स्वास्थ्य के सत्त विकास के लिए 17000 रु. की धनराशि इकट्ठा की। एगॉन रश के तहत हुए विभिन्न प्रतियोगिताओं में आईआईएम रांची के स्टूडेंट्स ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के अंत में स्टार नाइट के तहत स्टैंडअप कॉमेडियन रजत चौहान ने अपने डायलॉग से खूब हंसाया।

Dainik Bhaskar_08.02.2022_Pg. 04